कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
*Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397*

पत्रांक –1269 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 25/11/ 2024.

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषय :–** **जनपद– चम्पावत के अन्तर्गत बिनवाल कलियाधूर मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 8.72 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। प्रस्ताव सं0 145468 / 2021**

**सन्दर्भः–** **भारत सरकार का पत्रांक 8 बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 09 / 2023 / एफ0सी0 / दिनॉक 26. 04.2024**

महोदय,

उपरोक्त विषयगत पत्र के क्रम में जनपद– चम्पावत के अन्तर्गत बिनवाल कलियाधूर मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 8.72 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। प्रस्ताव सं0– 145468 / 2021 में भारत सरकार द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत के पत्रांक 2054 / 12–1 दिनांक 18.11.2024 द्वारा वृत्त स्तर को प्रेषित किया गया है, जिसे मूल तीन प्रतियों मे आपको सूचनार्थ प्रेषित किया जा रहा है। कृपया अग्रेत्तर कार्यवाही करना चाहें।

**संलग्न– तीन प्रतियों में।**

भवदीय

**(डॉ धीरज पाण्डेय)**
मुख्य वन संरक्षक / वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

प्राप्त
21-11-24
अधि०अभि०

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।

**Email-dfo.chamawat @rediffmail.com**

पत्रांक 2054 / 12-1 दिनांक, चम्पावत 18- 11- 2024

सेवा में,

वन संरक्षक
उत्तरी कुमाऊं वृत्त
अल्मोड़ा।

विषयः— **जनपद चम्पावत के अन्तर्गत बिनवालगांव कलियाधूरा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 8.72 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। प्रस्ताव सं0 — 145468/2021**

संदर्भः— **आपकी पत्र संख्या 854/12—1 (2) दिनांक 03.10..2024**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र में दिये गये दिशानिर्देशों के अनुपालन में इस कार्यालय की पत्र सं0 1393/12—1 दिनांक 28.09.2024 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में जिन स्थानों पर हस्ताक्षर नहीं हुये थे यथास्थान हस्ताक्षर कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्नक :— 4 प्रस्ताव मूल में।**

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग,चम्पावत।

संख्या— 2054/12-1/दिनांकित।

**प्रतिलिपि** :— अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चम्पावत को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग,चम्पावत।

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

Phone No. 05965/230375- Fax No.230180 Email- dfo.champawat@rediffmail.com


पत्रांक 1393 / 12-1 दिनांक , चम्पावत 28-9- 2024

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त
उत्तराखण्ड, अल्मोडा।

विषयः– जनपद चम्पावत के अन्तर्गत बिनवालगांव कलियाधूरा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 8.720 हे0 वनभूमि गैरवानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में प्रस्ताव स0 (**FP/UK/ROAD**/145468/2021)

संदर्भः– भारत सरकार की पत्र सं0 8बी0/यू0सी0पी0/06/09/2023/एफ0सी0 दिनांक 26.04.2024 व अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत की पत्र संख्या 2239/2सी दिनांक 30.08.2024।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र में प्रस्तावक विभाग द्वारा भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, देहरादून द्वारा प्रेषित आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्न प्रकार प्रेषित हैं:–

| S.N | आपत्तियां | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | It is seen that CA has been proposed over Degraded forest land but as per Van [Sanrakshan evam Samvardhan] Rules 2023. CA is required to be proposed in Non Forest Land only and details there of is required to be submitted/uploaded. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण का स्थल सिविल भूमि मौनकाण्डा में चयनित किया गया है। जिसका डिजिटल मैप संलग्न है। क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल को ऑनलाईन पार्ट 2 बी में अपलोड किया गया है। |
| 2 | Complete KML file of area proposed for diversion showing forest area and revenue area [in different colour] is required to be uploaded. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि मोटर मार्ग की के0एम0एल0 पूर्व में ही अपलोड की गयी है। जिसमें प्रभावित होने वाली वनभूमि एवं राजस्व भूमि को बार चार्ट में अलग रंग से दर्शाया गया है। |
| 3 | Cost benefit analysis is not as per revised NPV rate which is required to be reviewed. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि लागत लाभ विश्लेषण संशोधित एन0पी0वी0 की नई दरों के अनुसार पुनः तैयार कर 4 प्रतियों में संलग्न कर प्रेषित की गयी है। |
| 4 | NPV calculation sheet as per revised rate is required to be submitted/uploaded. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि एन0पी0वी0 की गणना शीट नई दरों पर पुनः तैयार कर 4 प्रतियों में संलग्न कर आपके अवलोकनार्थ प्रेषित की गयी है। |
| 5 | KML file of three alternatives for the proposed along with comparative statement are required to be submitted. | प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त आख्या अपलोड कर दी गयी है। |

अतः अनुरोध है कि प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को प्रेषित करने की कृपा करें।

भवदीय,

संलग्नक- उपरोक्तानुसार 4 प्रतियों में।

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग,चम्पावत।

पत्रांकः 1393/ 12-1 दिनांकित।

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी महोदय, चम्पावत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।